समाचार

'' साइकिल थान ''

# कोरबा में साइकिल थान का हुआ ऐतिहासिक आयोजन, लगातार बारिश के बीच प्रतिभागियों का उत्साह रहा चरम पर

**(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय सहित 36 प्रतिभागियों ने काफी प्वाइंट की वादियों को किया फतह, शामिल हुए थे कुल 75 प्रतिभागी)**

**(महापौर एवं सीईओ जिला पंचायत ने टी.पी.नगर चौक से साइकिल थान को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया, साकेत में आयोजित कार्यक्रम में विजेताओं व प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित)**




कोरबा 04 अक्टूबर 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की पहल पर कोरबा में पहली बार 53 किलोमीटर लंबे साइकिल थान का ऐतिहासिक आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं जिला पंचायत के सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग ने टीपीनगर चौक से साइकिल थान को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। साइकिल थान में आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय स्वयं प्रतिभागी बने, वहीं आयुक्त श्री पाण्डेय सहित कुल 36 प्रतिभागियों ने काफी प्वाइंट की वादियों को फतह किया, जबकि कुल 75 प्रतिभागियों ने '' थान '' में भाग लिया था, साइकिल थान की वापसी पर

निगम कार्यालय साकेत में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती राजपूत ने विजेताओं को पुरस्कृत व सम्मानित किया।

'' स्वच्छ शहर व स्वच्छ गांव – स्वच्छ तन व मन – निर्मल पर्यावरण '' की थीम को लेकर '' माउंटेन राइड आन व्हील्स '' की तर्ज पर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की विशेष पहल पर कोरबा में साइकिल थान का ऐतिहासिक आयोजन नगर पालिक निगम कोरबा, जिला व पुलिस प्रशासन, खेल विभाग, वन विभाग, साइकिलिंग संघ आदि के सहयोग से किया गया, वहीं आयोजन के सारे इंतजाम निगम द्वारा कराए गए थे। टीपीनगर चौक से बालको होते हुए काफी प्वाइंट तक और फिर उसी मार्ग से वापसी करते हुए नगर निगम कार्यालय साकेत भवन तक कुल 53 किलोमीटर लंबे इस ऐतिहासिक साइकिल थान में आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय सहित कुल 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें 36 प्रतिभागियों ने काफी प्वाइंट की वादियों को फतह करते हुए अंतिम छोर तक पहुंचे तथा फिर साकेत भवन तक वापसी की यात्रा भी पूर्ण की। इस दौरान प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय ने भी साइकिल चलाते हुए काफी प्वाइंट के अंतिम छोर तक पहुंचकर पुनः उसी मार्ग से साइकिलिंग करते हुए साकेत भवन तक की यात्रा लगातार बारिश के बीच पूरी की।

**दिव्यांशु सिंह रहे प्रथम स्थान पर** – साइकिल थान की इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता में 18 वर्षीय दिव्यांशु सिंह ने 01 घंटे 39 मिनट 25 सेकेण्ड में यह यात्रा पूर्ण कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं लक्ष्य रात्रे 01 घंटा 41 मिनट में यह यात्रा पूरी कर दूसरे स्थान पर रहे, जबकि संतोष गुप्ता ने 01 घंटे 41 मिनट 02 सेकेण्ड में यह यात्रा पूरी की तथा प्रतियोगिता का तीसरा स्थान अर्जित किया, इसी प्रकार महिला प्रतिभागियों में अनम सिद्दीकी प्रथम स्थान पर रही व अनसुईया कंवर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं टाप टेन के चौथे स्थान पर राम पटेल, पांचवे स्थान पर जुनैद खान, छठवें स्थान पर नैतिक तिवारी, सातवें स्थान पर पुस्कर तिवारी, आठवें स्थान पर देवांशु भानु, नौवें स्थान पर अमितेश सिंह एवं दसवें स्थान पर जाहिद अली रहें।

**काफी प्वाइंट की वादियों से 03 क्विंटल प्लास्टिक कचरा एकत्र** – चूंकि पर्यावरण स्वास्थ के साथ–साथ इस आयोजन की प्रमुख थीम '' स्वच्छता व साफ–सफाई '' भी थी, निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी की देखरेख में इस आयोजन के दौरान निगम की स्वच्छता टीम ने काफी प्वाइंट की वादियों व सम्पूर्ण मार्ग के आक्सी जोन से 03 क्विंटल प्लास्टिक कचरा एकत्र किया तथा एक अभियान के रूप सम्पूर्ण मार्ग की साफ–सफाई की।

**विजेताओं व प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र** – साइकिल थान का समापन नगर निगम कार्यालय साकेत भवन पहुंचकर सम्पन्न हुआ, इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने विजेताओं व प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके तहत प्रथम पुरस्कार 11 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 07 हजार रूपये तथा तृतीय पुरस्कार 05 हजार रूपये प्रदान किए गए। वहीं महिला वर्ग में प्रथम विजेता को 03 हजार रूपये व द्वितीय विजेता को 02 हजार रूपये की पुरस्कार राशि दिए जाने के साथ ही चौथा व पांचवॉ स्थान प्राप्त करने वाले दो प्रतिभागियों को 02–02 हजार रूपये का पुरस्कार दिया गया। वहीं सबसे ज्यादा कचरा संग्रहण करने वाली टीम को 01 हजार रूपये, दूसरे स्थान पर रही टीम को 700 रूपये तथा तीसरे स्थान पर रही टीम को 500 रूपये दिए गए जबकि चौथी व पांचवीं टीम को 200–200 रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

**नियमित साइकिलिंग '' गुड हेल्थ '' का मूलमंत्र** – इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने विजेताओं व प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नियमित रूप से साइकिलिंग करना अच्छे स्वास्थ का मूलमंत्र भी है, पहले अधिकांश लोग साइकिल से चला करते थे,

किन्तु अब लोगों ने पैदल व साइकिलिंग से दूरी बना ली है, किन्तु हम सबको अपने अच्छे स्वास्थ के लिए पैदल व साइकिल चलाना अपनाना होगा। महापौर श्रीमती राजपूत ने आयुक्त श्री पाण्डेय के कोरबा में इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए उनकी सराहना करते हुए कहा कि आयुक्त श्री पाण्डेय पूरे विजन के साथ कार्य करते हैं, कोरबा में उनके पदस्थ होने के बाद से ही नगर निगम में ही नही कई क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं, मैं उनकी कार्यशैली व उनके सकारात्मक प्रयासों के लिए उन्हें बधाई व साधुवाद देती हूँ।

**पहाड़ों पर साइकिलिंग आसान नहीं किन्तु, जितना पीसे गए... सुगंध फैलती गई** – इस उल्लासपूर्ण अवसर पर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने शायराना अंदाज में अपने उद्बोधन की शुरूआत करते हुए कहा कि '' लायची के दानों सा है, मुकद्दर अपना... जितना पीसे गए, सुगंध फैलती गई ''........... पंक्षी को जब–जब हुआ पंखो का एहसास.... दूर–दूर तक हो गया फिर सारा आकाश। उन्होने कहा कि पहाड़ों पर साइकिलिंग करना, उनकी वादियों को फतह करना, आसान कार्य नहीं है, किन्तु हमारे प्रतिभागियों ने अपने जज्बे से, अपनी मजबूत इच्छाशक्ति से, इसे आसान बना लिया, लगातार बारिश के बाद भी हम लोग नहीं रूके, पानी से तरबतर होकर भी यात्रा पूरी की। उन्होने आगे कहा कि साइकिलिंग को बढ़ावा देने व पर्यावरण के संरक्षण हेतु क्यों न हम सब मिलकर सप्ताह में एक दिन '' नो फ्यूल डे '' मनाएं तथा आफिस, कार्यस्थल व शहर में कहीं आने–जाने पर उस दिन केवल साइकिल का उपयोग करें, हम निगम के अधिकारी कर्मचारी भी उस दिन शहर का मार्निंग विजिट भी साइकिल से ही करें, आयुक्त श्री पाण्डेय के इस सुझाव का करतल ध्वनि से सभी ने स्वागत किया।

**ऐतिहासिक आयोजन के लिए बधाई** – इस मौके पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने इस ऐतिहासिक आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि आयुक्त श्री पाण्डेय ने यह बहुत ही सुंदर आयोजन कराया तथा स्वयं भी प्रतिभागी बने, ऐसे आयोजन से प्रतिभागियों को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलता है। जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ.वी.एस. राव ने इस मौके पर कहा कि पर्यावरण, स्वास्थ व स्वच्छता की थीम को मिलाकर इतना शानदार कार्यक्रम आयुक्त श्री पाण्डेय के मार्गदर्शन में किया गया, जिसके लिए साधुवाद। उन्होने कहा कि साइकिल के बाद आवागमन के साधनों का जितना भी अविष्कार हुआ वे सब पर्यावरण के लिए हानिकारक साबित हो रहे हैं, साइकिलिंग पर्यावरण, स्वास्थ व स्वच्छता सभी के लिए लाभदायक है, वहीं सहायक खेल अधिकारी रामकृपाल साहू ने कहा कि जिले में पहले बड़े से बड़े आयोजन हुए किन्तु इतनी लंबी साइकिलिंग यात्रा का आयोजन पहली बार हुआ, मैं आयुक्त श्री पाण्डेय जी के जज्बे को सलाम करता हूँ, उनके मार्गदर्शन में लगातार बारिश के बावजूद भी इतना सुंदर व सफल आयोजन रहा, जो हम सब के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

**आयोजन के लिए निगम का आभार** – साइकिल थान के विजेता दिव्यांशु सिंह के पिता डॉ. नरेन्द्र सिंह ने इस मौके पर कहा कि इस उत्कृष्ट आयोजन के लिए मैं महापौर व आयुक्त तथा निगम परिवार के साथ ही जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ कि साइकिलिंग प्रतिभागियों को यह सुंदर अवसर उपलब्ध कराया गया है, वहीं दिव्यांशु की मॉ श्रीमती नलिनी सिंह ने बताया कि दिव्यांशु ने स्टेट लेवल के सभी प्राईज जीते है, शुरू से ही साइकिलिंग में उसकी रूचि रही है तथा कोविड के समय उसने नेशनल भी खेला है। प्रतियोगिता के दूसरे विजेता लक्ष्य रात्रे की मॉ श्रीमती उषा रात्रे ने बताया कि उनका पुत्र लक्ष्य शुरू से ही खेलों के प्रति आकर्षित रहा है, एक साल पहले उसने साइकिलिंग शुरू की है, मैंने भी उसे प्रेरित किया कि वह साइकिलिंग के क्षेत्र में अपनी तैयारी जारी रखे, मुझे खुशी है कि उसने आज यहॉ अच्छा प्रदर्शन किया है। इसी प्रकार प्रतियोगिता में तीसरा स्थान अर्जित करने वाले प्रतिभागी संतोष गुप्ता ने कहा कि मैं 05 वर्ष

से प्रतिदिन साइकिल चला रहा हूँ , घर से कार्यस्थल या किसी और काम से शहर में कहीं आना–जाना हुआ तो मैं साइकिल का ही उपयोग करता हूँ, मैंने कश्मीर से कन्याकुमारी तक का सफर भी साइकिल से तय किया है, लेह और लद्दाख भी गया हूँ।

इस मौके पर सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर के साथ ही पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, रामकुमार साहू, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का, कु.आर्यना पाण्डेय, निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, लेखाधिकारी भवकांत नायक, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता अखिलेश शुक्ला, भूषण उरांव, राकेश मसीह, एन.के.नाथ, तपन तिवारी, सुनील टांडे, प्रकाश चन्द्रा, राहुल मिश्रा, जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ.वी.एस.राव, सहायक खेल अधिकारी आर. के.साहू, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, लीलाधर पटेल, रमेश सूर्यवंशी, सचीन्द्र थवाईत, शैलेन्द्र नामदेव, अभय मिंज सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।